भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3623
जिसका उत्तर मंगलवार 11 अगस्त, 2015 को दिया जाना है

भेल

3623. श्री राजेश कुमार दिवाकर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्स लिमिटेड (भेल) की कुल विनिर्माण क्षमता और कुल कारोबार का ईकाई-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पिछले कुछ वर्षों से भेल की विद्युत बढ़ाने की क्षमता लगातार घट रही है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है;

(ग) क्या कुछ नई विद्युत इकाइयों की स्थापना करके भेल के पास इसकी उत्पादन/निष्पादन क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है/का विचार है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या भेल में प्रबंधन क्षमता की कमी, लक्ष्यों को प्राप्त करने में बड़ी बाधा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में लिमिटेड (भेल) ने विद्युत परियोजनाओं के लिए 20,000 मेगावाट प्रति वर्ष क्षमता का मुख्य संयंत्र उपकरण डिलीवर करने के लिए विनिर्माण क्षमता/योग्यता मार्च, 2012 में स्थापित कर ली है। तदनुसार, गत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान कुल विनिर्माण क्षमता/योग्यता उसी स्तर पर है, जिसका इकाई-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है। इसके अलावा, गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान अर्थात् 2012-13, 2013-14, 2014-15 और 2015-16 (जून, 2015 तक) भेल का इकाई-वार कुल कारोबार का ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ख): जी, नहीं। भेल की अन्तर्विष्ट मुख्य योग्यताओं में पिछले वर्षों में कोई कमी नहीं आई है।

(ग): वर्तमान में, विद्युत परियोजनाओं के लिए 20,000 मेगावाट प्रति वर्ष की क्षमता के मुख्य संयंत्र उपकरण डिलीवर करने के लिए विनिर्माण क्षमता/योग्यता के स्तर में और अधिक वृद्धि करने का भेल का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): जी, नहीं। भेल के पास पर्याप्त विनिर्माण एवं प्रबंधकीय योग्यता है और यह पहलू, लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधा नहीं है।

(ङ): भेल का प्रशासनिक मंत्रालय होने के नाते भारी उद्योग विभाग भेल के साथ नियमित आधार पर समीक्षा बैठकें करता है और उपयुक्त हस्तक्षेपों के माध्यम से अन्य सरकारी एजेन्सियों/विभागों/मंत्रालयों/ग्राहकों आदि के साथ मुद्दे उठाने में अपेक्षित सहायता करता है।

अनुबंध – I

क्र.सं.	**भेल की विनिर्माण इकाई/संयंत्र**	**उत्पाद**	**इकाई**	**स्थापित क्षमता (वास्तविक) : वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2015-16 तक**
1.	हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट, भोपाल	हाइड्रो टर्बाइन एंड जनरेटर	मेगावाट	2,500
		स्टीम टर्बाइन	मेगावाट	250
2.	हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट, हरिद्वार	स्टीम टर्बाइन एंड जनरेटर	मेगावाट	13,020
3.	हेवी पॉवर इक्विपमेंट प्लांट, रामचन्द्रपुरम/हैदराबाद	गैस टर्बाइन एंड जनरेटर	मेगावाट	1,955
		स्टीम टर्बाइन एंड जनरेटर	मेगावाट	2,160
4.	हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट, त्रिची	बॉयलर और वाल्व्स समकक्ष	मेगावाट	15,135

अनुबंध –II

कारोबार-इकाई-वार : बीएचईएल

₹ करोड़ में

इकाई	**2015-16 पहली तिमाही तक (अनंतिम)**	**2014-15**	**2013-14**	**2012-13**
एचईपी, भोपाल	698	3678	4592	4746
एचईईपी, हरिद्वार	401	3545	6893	6536
एचपीईपी, हैदराबाद	379	3304	5221	6492
एचपीबीपी, त्रिची	934	7417	9330	14936
पॉवर ग्रुप	1091	7130	7455	8398
बीएपी, रानीपेट	173	1557	2022	3712
ईडीएन, बैंगलोर	261	1456	1556	1720
टीपी, झांसी	134	707	1117	1371
आईएसजी, बैंगलोर	201	806	1025	1165
टीबीजी, नोएडा	122	557	555	631
पीई एंड एसडी, हैदराबाद	35	207	204	510
सीएफएफपी, हरिद्वार	50	417	467	516
ईपीडी, बैंगलोर	64	310	333	321
आईपी, जगदीशपुर	15	141	150	170
एचईआरपी, वाराणसी	21	340	403	400
आईवीपी, गोइंदवाल	17	102	168	228
सीएफपी, रुद्रपुर	26	128	200	211
ईएमआरपी, मुंबई	5	43	33	81
सीएसयू, जगदीशपुर	16	104	111	142
एफपी, जगदीशपुर	9	50	35	16
आरएमएसजी, भोपाल	32	120	111	-
एचपीवीपी, विशाखापट्टनम	10	70	156	-
बीएचईएल (निवल: अंतर इकाई समायोजन के पश्चात्)	4501 (अनंतिम)	30947	40338	50156

****